# उदयपुर में रूक-रूक कर हुई वर्षा, बागोलिया में ढ़ाई इंच बारिश

- फतहसागर साढ़े 6 फीट, मदार नहर से आवक जारी
- दिन-रात के तापमान में केवल ढाई डिग्री का अंतर

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में सावन के पहले सोमवार पर खुशनुमा मौसम के बीच होती बूंदाबांदी ने प्रकृति के स्वरूप को निखार दिया। शाम 5 बजे तक जिले में सर्वाधिक बारिश बागोलिया में 62 मिमी (करीब ढाई इंच) रिकॉर्ड की गई। दिन के तापमान में चार डिग्री की गिरावट के साथ ही दोनों ही तापमान में केवल ढाई डिग्री का अंतर है।

लेकसिटी में आज सुबह से मौसम में घुली उमस से राहत मिली और बादल छाए रहे। दिनभर बूंदाबांदी का दौर रूक-रूक कर जारी रहा। ऐतिहासिक फतहसागर झील में मदार नहर से आवक लगातार जारी है। झील का जलस्तर बढ़कर साढ़े छह फीट हो गया है। पूर्ण भराव क्षमता तेरह फीट से अब यह केवल साढ़े छह फीट ही खाली है। इधर, पीछोला झील में मानसून में अब तक आवक शुरू नहीं हुई है। इसमें पानी की आवक शुरू होने के लिए सीसारमा नदी चलने का इंतजार लोगों को है। सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक उदयपुर शहर में 9 मिमी, उदयसागर 10, स्वरूपसागर 5, बागोलिया 62 व मदार में 05 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट हुई है। रविवार को दिन का तापमान 32 डिग्री था जो गिरकर 28 डिग्री पर आ गया वहीं न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिन व रात के तापमान में केवल ढाई डिग्री का अंतर रह गया है।



उदयपुर की फतहसागर झील में मदार नहर से आता पानी। झील का जलस्तर साढ़े छह फीट हो गया है।

## भीण्डर में एक इंच वर्षा दर्ज

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर एवं आसपास क्षेत्र में सोमवार सुबह से शुरू हुई बारिश पूरे दिनभर जारी रही। दिनभर हुई झमाझम बारिश से जलाशयों सहित खेत-कुंओं में पानी भर गया। दिनभर में करीब एक इंच बारिश दर्ज की गई। लगातार हो रही बारिश से किसान चिन्तित हैं, खेतों में बुवाई के बाद अभी तक धूप नहीं लगने से बीज खराब होने की आंशका हैं तो कई किसानों के खेत पर बुवाई का मौका ही नहीं मिला है। कृषि अधिकारी मदनसिंह शक्तावत ने बताया कि सोमवार शाम 6 बजे तक 21 मिमी वर्षा दर्ज की गई, इसके साथ भीण्डर में अब तक 223 मिमी वर्षा दर्ज की जा चूकी है। वहीं भीण्डर क्षेत्र में लगातार बारिश से जलाशयों में पानी की आवक हुई है। भीण्डर के गंभीर सागर, दवेला तालाब, मदन सागर, कडेचा एनिकट, झड़ू बांध सहित विभिन्न जलाशयों में पानी की आवक हुई है।

# देवल तहसील में मैताली पंचायत को शामिल करने का विरोध शुरू

**डूंगरपुर, (निसं)** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा में नई बनी देवल तहसील में मैताली पंचायत को शामिल करने का विरोध शुरू हो गया है। लोग मैताली को डूंगरपुर तहसील में ही रखने की मांग कर रहे हैं।

मैताली पंचायत के विभिन्न गांवों के लोगों ने सोमवार को डूंगरपुर जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। कलेक्टर को ज्ञापन देकर मैताली पंचायत को डूंगरपुर तहसील में ही रखने की मांग की। मैताली पंचायत के वार्ड पंच ईश्वरलाल के नेतृत्व में पंचायत के कई गांवों के लोग सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने मैताली पंचायत को नई बनी देवल तहसील में शामिल करने पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत देवल को तहसील बनाया गया है। तहसील देवल में मैताली पंचायत के मैतालीए डचकी और कोटाना राजस्व गांवों को डूंगरपुर तहसील से निकालकर शामिल किया गया है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध जताया है। तहसील देवल में मैताली पंचायत के मैताली, डचकी और कोटाना राजस्व गांवों को डूंगरपुर तहसील से निकालकर शामिल किया गया है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ईश्वरलाल ने बताया कि मैताली पंचायत के कई के गांवों के लिए डूंगरपुर तहसील नजदीक पडती है। जबकि देवल पंचायत दूर पडती है।

# पांच आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पुलिस ने शांतिभंग करने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पांबदी शर्तो का उल्लंघन करने पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर में शाति सद्भावना बनाए रखने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर की विभिन्न पुलिस थाना पुलिस ने क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए शांतिभंग करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर 6 माह तक नेक चलन के लिए पाबंद कराया था। इसके बावजूद बदमाशों द्वारा नेक चलन पाबंदी शर्तो का उल्लंघन करने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्यवाही कर पांच आरोपियों को धारा 122 में गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है।

इस अभियान के दौरान शहर के भुपालपुरा थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढ़ा के नेतृत्व में गठित दल ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रतापनगर निवासी ओमप्रकाश छाबड़ा को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। ओमप्रकाश को पूर्व में प्रतापनगर थाना पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर पाबंद करायाथा। हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने ऋषभदेव निवासी विश्वराज सोनी भरत टांक पुत्र देवीलाल टांक को एवं टीडी थानधिकारी गोपालकृष्ण परमार के नेतृत्व में गठित दल ने अमरपुरा फला महुड़िया टीडी निवासी पन्नालाल को एवं भीण्डर थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कलवल भीण्डर निवासी राजपाल पुत्र देवीलाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया।

# शिवजी का रूद्राभिषेक

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल गंगापुर सिटी के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के पूर्व विधायक मानसूंन गुर्जर के नेतृत्व में स्टेशन रोड स्थित संता की बगीची प्रांगण में पंडित मोहन आचार्य के सानिध्य में भोले बाबा महादेव की पूजा मंत्रोच्चार के साथ की गयी। भाजपा शहर मंडल प्रवक्ता धनेश शर्मा ने बताया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार को प्रातः 8 बजे संता की बगीची मंदिर प्रांगण में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर व सभापति शिवरतन गुप्ता के नेतृत्व में जयकारों के साथ भोले बाबा का श्रृंगार करते हुए जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र की आम जनता की खुशहाली, अमन चैन और श्रावण मास में पर्याप्त वर्षा की प्रार्थना की गयी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बडी, पंचायत समिति बड़गांव, जिला-उदयपुर

क्रमांक: ग्रा.प.ब/2022-23/49 दिनांक:- 14.07.22

### खुली बोली सूचना वर्ष 2022-23

ग्राम पंचायत बड़ी में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु राजस्थान सरकार के अधिकृत संगठनों, इत्यादि में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से खुली बोली आमंत्रित की जाती है। निविदा खोलने की दिनांक 22.07.2022 होगी, जिसकी विस्तृत जानकारी SPPP.rajasthan.gov.in पर देखी एवं कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ी से प्राप्त की जा सकती है।

UBN No. ZUD2223WSOB00279-283

सरपंच
ग्राम पंचायत बड़ी
पं.स.- बड़गांव, जिला-उदयपुर


## सार-समाचार

### चंदा एकत्र करने की शिकायत

**मंडफिया, (निसं)।** श्री सांवलिया सेठ अखिल भारतीय सेवा संघ के नाम से हरियाली अमावस्या पर सांवलियाजी मंदिर प्रांगण में भजन संध्या एवं भंडारा कार्यक्रम के नाम से फोन पे के माध्यम से चंदा एकत्र करने की शिकायत मंदिर प्रशासन की ओर से थाने में की गई है। सांवलियाजी मंदिर मंडल के प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच ने मंडफिया थाने में रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया कि श्री सांवलिया सेठ अखिल भारतीय सेवा संघ के पत्र में दर्शाये मो0 नं. 7976708989 पर यशपाल चौधरी से वार्ता हुई। वार्ता में सांवलियाजी मंदिर प्रांगण में हरियाली अमावस्या पर भंडारा व भजन संध्या आयोजन में विभिन्न लोगों से पत्र में दर्शाये मो. न. 9001906516, 9799704820 पर फोन पे के माध्यम से खाते में योगदान रूप में रूपये जमा हुए। श्री सांवलिया सेठ की भजन संध्या व भण्डारा आयोजन के नाम पर फोन पे माध्यम से रुपये जमा कराये जो धार्मिक आस्था के नाम खिलवाड़ है। इस रिपोर्ट के साथ श्री सांवलिया सेठ अखिल भारतीय सेवा संघ का पत्र एवम विभिन्न लोगों द्वारा फोन पे माध्यम से रुपये जमा का विवरण पत्र संलग्न कर निवेदन है कि इस सम्बन्ध में अनुसंधान कर आवश्यक कार्यवाही करे। ताकि कोई भी श्रद्धालु भक्त ठगा सा महसूस नहीं करें व भविष्य में लोगों में जागरूकता रहे।

### कनिष्ठ सहायक गोदारा को दी विदाई

**मावली, (निसं)।** मावली कस्बे में स्थानीय ब्लॉक कार्यालय में सेवारत कनिष्ठ सहायक गोदारा का चयन महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय में होने से विदाई दी। आरती चुन्नीलाल अहिर ने बताया कि गोदारा का चयन महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय सुन्दरवास, गिर्वा उदयपुर में हो गया। सीबीओ कार्यालय में गोदारा को ऊपर ना पहनाकर तिलक और श्रीफल भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया तत्पश्चात विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रकाश चंद्र चौधरी, अंसार मौहम्मद काजी, मुकेश कुमार त्रिवेदी, आशिष कुमावत, सब्बीर हुसैन मैवाती, पवन कुमार नागौरी, चुन्नीलाल अहीर, द्वारकेश जोशी, राजेश कुमार मीणा, नारायण सिंह राठौड़, भगवत प्रसाद बुनकर, प्रहलाद पुरी गोस्वामी, व रमेश बड़गुर्जर सहित कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

### तहसील अध्यक्षों की घोषणा

**बांसवाडा, (निसं)।** गौ रक्षा हिंदू दल के जिलाध्यक्ष वजेंग पाटीदार उदपुरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर, प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र सिंह व संभाग प्रभारी लालू राम पटेल के निर्देशानुसार कार्यकारिणी का विस्तार किया। मीडिया प्रभारी संजय पटेल बडलिया ने बताया कि विस्तारित कार्यकारिणी में भूपेंद्र कोठारी को घाटोल, प्रेम सेवक गनोडा, योगेश भट्ट परतापुर, आशीष पंचाल, आशीष पंचाल गांगडतलाई, महावीर पटेल आबापुरा, चंपालाल तेली बांसवाडा, भूपेश पाटीदार बागीदौरा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### उदयपुर जिले में 15 पॉजीटिव मिले

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले में सोमवार को 15 कोरोना संक्रमित मिले जिन्हें मिलाकर एक्टिव रोगियों की संख्या 77 हो गई है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश खराड़ी के अनुसार आज प्राप्त 697 जांच रिपोर्ट में से 15 पॉजीटिव मिले। इनमें 11 शहरी व 4 ग्रामीण क्षेत्र से है। एक्टिव रोगियों की संख्या 77 गई है। ये सभी होम आइसोलेशन में है।

# सांसद दीया कुमारी ने केंद्रीय चिकित्सा मंत्री मंडाविया से की मुलाकात

- राजसमन्द में मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद तेज

**जयपुर।** संसद के मानसून सत्र के प्रथम दिन ही सांसद दीयाकुमारी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मांडवीया से मुलाकात कर राजसमंद में राजकीय मेडिकल कॉलेज खुलवाने के संबंध में पुन आग्रह किया।

मुलाकात के दौरान सांसद दीयाकुमारी ने कहा कि तकनीकी कारणों से राजसमन्द को अभी तक केंद्र सरकार की मेडिकल कॉलेज योजना का लाभ नहीं मिला है। राजसमन्द में राजकीय मेडिकल कॉलेज खोलने में आ रही बाधाओं को दूर करने की मांग करते हुए सांसद ने कहा कि राजसमन्द में मेडिकल कॉलेज होना अति आवश्यकता है लेकिन सरकारी नियमों में आंशिक संशोधन के बिना यह सम्भव नहीं हो पा रहा है। नियमों में मामूली संशोधन से राजसमन्द को बड़ी सौगात मिल सकती है। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य लाभ की दृष्टि से यह बड़ा कार्य होगा।

केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मंडाविया ने सांसद को विश्वास दिलाते हुए कहा कि इस सम्बंध में सकारात्मक कदम उठाते हुए अतिशीघ्र निर्णय लिया जाएगा।



संसद के मानसून सत्र के प्रथम दिन सांसद दीयाकुमारी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मांडवीया से मुलाकात की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत, मजावड़ी
### पंचायत समिति गोगुन्दा, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:ईनिविदा/2022-23/ग्रा.प.मजावडी/ दिनांक: 15.07.2022

### ई निविदा सूचना- 01/2022-23

इस कार्यालय के ई निविदा सूचनांक क्रमांक SPL-3 दिनांक 15.7.2022 द्वारा अनुन्ध पर कार्य करवाने हेतु 1 कार्य की ई निविदा सूचना जारी की गई है। कार्य का नाम सी.सी. रोड निर्माण कार्य भील बस्ती से खेखरा वाली घाटी तक राशि रू. 12.00 लाख (निविदा शुल्क 1000/- एवं MDRISL Fee 500/- EMD 24000/-) की अंतिम दिनांक 26.7.2022 है UBN No. ZUD2223WSOB00284 निविदा का विस्तृत विवरण WWW.Sppp.Rajasthan.Gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा वेबसाईट WWW.eproc.rajasthan.Gov.in पर डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है तथा ग्राम पंचायत मजावडी/पंचायत समिति गोगुन्दा में कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की सकती है।

(कमला बाई)
सरपंच
ग्राम पंचायत मजावड़ी
पं.स. गोगुन्दा, जि. उदयपुर (राज.)

(सुरेन्द्र कुमार नंगलिया)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मजावडी
पं.स. गोगुन्दा, जि. उदयपुर (राज.)


# व्यापारी को जान से मारने की धमकी

- बाजार बंद करा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के कोटड़ा कस्बे में लेन देन के विवाद में व्यापारी को समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी देने से आक्रोषित हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कस्बे के बाजार बंद करा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटड़ा निवाी युवक ने आरोपी मो. इमरान अब्बासी पुत्र उस्मान के खिलाफ लेन देन को लेकर जान से मारने की धमकी प्रकरण दर्ज करवाया। सोमवार को इसका पता चलने पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे। जहां किसी बात को लेकर थानाधिकारी पवनसिंह से कहासुनी होने पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और कस्बे को बंद करवा उपखंड कार्यालय पहुंचे जहां धरने पर बैठ धमकी देने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने व थानाधिकारी पवनसिंह को हटाने की मांग को लेकर कोटड़ा उपखंड अधिकारी बीनू देवी को ज्ञापन दिया। रविवार को व्यापारी खरीददारी करने के लिए गया था। इस दौरान आरोपी मो. इमरान अब्बासी ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी थी। दूसरी ओर मो. इमरान अब्बासी की तरफ से भी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी है।

## चार गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** वल्लभनगर कस्बे में स्थित सूने मकान का ताला तोड़ कर घरेलू सामान चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार गत 16 जुलाई को संगीता ने थाने में रिपोर्ट दी थी।


प्ररूप-5
(नियम 6 (2) देखिए)

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी ( अधिशाषी अधिकारी )
## नगरपालिका, कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/न.पा.क./भूमि/2022-23/1847 दिनांक 18.07.2022

### -: उजरदारी सूचना :-

निम्न आवेदकों ने नीचे वर्णित भुमि में के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भुमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लंबाईऔरचौड़ाईसहितक्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मनोहरी देवी पत्नी स्व. श्री अर्जुनलाल सोनी | जिला: चित्तौड़गढ़ नगर : कपासन | वार्ड सं. 15 चारभुजा गली, लौड़किया चौक | - | 109.39 वर्गमीटर |
| 2. | श्री करूण कुमार पिता श्री मोतीलाल चण्ड़ालिया | जिला: चित्तौड़गढ़ नगर : कपासन | वार्ड सं. 15 पीपली बाजार | - | 16.03 वर्गमीटर |
| 3. | श्री अरूण कुमार पिता श्री मोतीलाल चण्ड़ालिया | जिला: चित्तौड़गढ़ नगर: कपासन | वार्ड सं. 14 दुग्गड़ गली | - | 239.16 वर्गमीटर |
| 4. | श्री अशोक कुमार पिता श्री मोतीलाल चण्ड़ालिया | जिला: चित्तौड़गढ़ नगर : कपासन | वार्ड सं. 15 दुग्गड़ गली | - | 197.21 वर्गमीटर |
| 5. | श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी स्व. श्री बाबुलाल बारेगामा | जिला: चित्तौड़गढ़ नगर : कपासन | वार्ड सं. 16 ब्रह्मपूरी | - | 52.95 वर्गमीटर |
| 6. | श्री मदनलाल चण्ड़ालिया पिता श्री मनोहर लाल चण्ड़ालिया | जिला: चित्तौड़गढ़ नगर: कपासन | वार्ड सं. 15 चण्ड़ालिया मौहल्ला | - | 57.16 वर्गमीटर |
| 7. | श्री राजेश उपाध्याय पिता श्री कन्हैया लाल उपाध्याय | जिला: चित्तौड़गढ़ नगर: कपासन | वार्ड सं. 04 गौतम चौक | - | 579.87 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका, अधिनियम, 2009 की धारा 69-क के अधीन/राजस्थान स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 के तहत पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18/07/2022 को जारी की गयी।

(गणपत लाल खटीक)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, कपासन


# पूर्व छात्र संस्थान का गौरव: प्रो. सारंगदेवोत

- एल्यूमिनाई मीट में याद आए कॉलेज के दिन

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक उदयपुर स्कूल ऑफ सोशल वर्क की ओर से आयोजित एल्यूमिनाई मीट में पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए कॉलेज के अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अपनी कामयाबी के संस्मरणों को साझा किया। सभी ने कक्षा कक्ष, हॉस्टल का निरीक्षण किया जहाँ वे बैठकर पढा करते थे। सभी पूर्व विद्यार्थियों का गाजे बाजे के साथ महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया गया।

समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, प्राचार्य डॉ. अवनीश नागर, केन्द्रीय मुख्य श्रम आयुक्त सतीश जोशी, केन्द्रीय अपर श्रम आयुक्त डॉ. आर.जी. मीणा, पूर्व प्राचार्य प्रो. के.के. जैकब, डॉ. राजभांति, डॉ. भारतेंदु नागर, डॉ. शकीलुद्दीन सिद्धीकी, उपाध्यक्ष एम.एल. लोढ़ा ने मॉ सरस्वती की प्रतिमॉ के सम्मुख दीप प्रज्जवलित व प्रतापनगर परिसर में स्थापित संस्थापक जनुभाई की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में एल्युमिनाई कक्ष व आर.ओ. प्लांट का फीता काट कर शुभारंभ किया। दिन भर चले कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों ने संस्था के विकास एवं शैक्षणिक उन्नयन के संदर्भ में अपने सुझाव दिये।

प्रो. सारंगदेवोत ने पूर्व विद्यार्थियों को उपरणा, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि गुरू शिष्य का संबंध आजीवन रहता है, संस्थान से पढ़ चुके विद्यार्थी संस्था का गौरव, ताकत, अभिमान व हमारे मार्गदर्शक है, आप ही के माध्यम से हम आगे बढ पा रहे है। संस्था से निकले छात्र देश के कई ख्यातनाम पदों पर आसीन हो अपने परिवार व संस्था का का गौरव बढा रहे है, आपसे ही भावी युवा विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी। इन्होनें विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर हमारा मान बढाया है। उन्होने कहा कि आप किसी भी क्षेत्र में कार्य करें अपनी संस्कृति, सभ्यता को न भूले और ऐसा कार्य करे जिससे अपना, अपने परिवार, देश का नाम रोशन हो। जीवन में देने की प्रवृत्ति रखे और हो अपनी हैसियत के अनुसार असहाय व्यक्तियों की सेवा कर उसे आगे बढाने का कार्य भी करे।

केन्द्रीय श्रम आयुक्त सतीश जोशी ने कहा कि श्रम विभाग के रोजगार के कई अवसर है, पूरी ईमानादारी के साथ इस ओर अपना केरियर बनाये। सकारात्मक विचार से ही जीवन में सफलता मिलती है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉ. अवनीश नागर ने बताया कि एज्युमिनाई मीट में 1962 बेच के नारायण बंधु, 1963 बेच के एस.एस. शक्तावत, 1977 बेच के मोहन बाजपेई, 1986 बेच के डॉ.आरजी मीणा, राकेश लड्ढा, 1981 बेच के आरएस यादव, 1969 बेच क मदन लाल लोढा, 1992 डॉ. सुनील दईया, 1977 बेच के निरंजन शर्मा, 1985 बेच के आदर्श चतुर्वेदी, 1985 बेच के सुब्रतो घोष, सुरेन्द्र सिंह चारण, गजेन्द्र तंवर सहित राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. लाल राम जाट, डॉ. नवल सिंह राजपूत, डॉ. सुनील चौधरी, नवनीत औदिच्य, डॉ. पॉयस प्रिंस सहित कार्यकर्ताओं ने अपना सहयोग दिया। संचालन डॉ. सीता गुर्जर एवं आभार डॉ. विनिता श्रीवास्तव ने दिया।

## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के तत्वावधान में लव कुश इंडोर स्टेडियम में जिला सीनियर, जूनियर, सब-जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें जूनियर स्ट्रांग मैन ऑफ उदयपुर का खिताब उदयपुर के अंतरराष्ट्रीय खिलाडी गौरव साहू ने जीता, वही सीनियर स्ट्रांग मैन ऑफ उदयपुर का खिताब हिमांशु खोखावत ने जीता, जबकि जूनियर स्ट्रांग वूमेन का खिताब प्राची सोनी एवं सीनियर स्ट्रांग वूमेन का खिताब नीलम डांगी ने जीता।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के क्रीडा मंडल के सचिव भवानी पाल सिंह राठौड थे। अध्यक्षता अध्यक्षता राजस्थान पावर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने की। विशिष्ट अतिथि शैतान सिंह झाला, कांग्रेस नेता भूषण श्रीमाली एवं राजस्थान पावरलिफ्टिंग संघ के सचिव विनोद साहू थे। प्रारंभ में हर्ष सुहालका, गौरव साहू ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता के आधार पर उदयपुर जिला टीम का चयन किया जायेगा जो कि 23 से 24 जुलाई तक भीलवाडा में आयोजित राजस्थान राज्य सीनियर, जूनियर, सब-जूनियर एवं मास्टर पुरुष एवं महिला क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेगी।